मध्यप्रदेश विधान सभा

नवम्बर - दिसम्बर, 1995 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरुवार, दिनांक 30 नवम्बर, 1995 (अग्रहायण 9, 1917)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) श्री कैलाश कुण्डल, सदस्य, देवास जिले में आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मियों द्वारा निःशुल्क वितरित की जाने वाली पुस्तकें खुले बाजार में बेची जाने की ओर आदिम जाति कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) सर्वश्री बच्चन नायक, रामलखन शर्मा, रामदयाल प्रभाकर, सदस्य, जबलपुर जिले के बरही थानान्तर्गत कुटेश्वर लाइम स्टोन माइन्स के श्रमिकों पर लाठीचार्ज किये जाने की ओर खनिज साधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

निर्धारित समय 3.00 बजे तक

3. वर्ष 1995-96 की द्वितीय अनुपूरक मांगों पर मतदान

श्री अजय मुशरान, वित्त मंत्री, निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे :-

2 घन्टे

" दिनांक 31 मार्च, 1996 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में अनुदान संख्या 1, 6, 8, 10, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 29, 30, 31, 33, 34, 39, 40, 41, 42, 44, 45, 46, 55, 56, 57, 58, 60, 61, 64, 65, 66, 67, 68, 74, 75, 76 तथा 77 के लिये राज्य की संचित निधि में से प्रस्तावित व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को कुल मिलाकर एक सौ छब्बीस करोड़, अड़तालीस लाख, तिरेपन हजार, छः सौ रुपये की अनुपूरक राशि दी जाय".

4. शासकीय विधि विषयक कार्य

(1) श्री अजय मुशरान, वित्त मंत्री, मध्यप्रदेश विनियोग (क्रमांक-5) विधेयक, 1995 (क्रमांक 38 सन् 1995) का पुरःस्थापन करेंगे तथा प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

(2) श्री चरणदास महंत, राज्यमंत्री वाणिज्यिक कर, प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश मनोरंजन शुल्क तथा विज्ञापन कर (संशोधन) विधेयक, 1995 (क्रमांक 37 सन् 1995) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

5. नियम 52 के अधीन आधे घन्टे की चर्चा

(1) दिनांक 24 नवम्बर, 1995 को उप मुख्यमंत्री (कृषि) से पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्रमांक 53) के उत्तर से उद्भूत विषय पर श्री मोती कश्यप, सदस्य, चर्चा उठायेंगे.

(2) दिनांक 27 नवम्बर, 1995 को लोक निर्माण मंत्री से पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या 17 (क्रमांक 595) के उत्तर से उद्भूत विषय पर श्री शैलेन्द्र प्रधान, सदस्य, चर्चा उठायेंगे.

भोपाल :
दिनांक : 29 नवम्बर, 1995

अशोक चतुर्वेदी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा